प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य की चार लोकसभा सीटों– रांची, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर के लिए कल मतदान होगा। रांची संसदीय क्षेत्र में चार महिला समेत 27 उम्मीदवार इस बार चुनावी मैदान में हैं। वहीं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में तीन महिला प्रत्याशी समेत कुल 16 उम्मीदवारों के बीच चुनावी घमासान है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में तीन महिला और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार समेत कुल 25 प्रत्याशी चुनाव जीतने की रेस में हैं। इधर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि छठे चरण के मतदान की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

****

रांची के ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया है कि मतदाताओं को मतदान से पहले मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि किसी कारणवश वोटर मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो वे मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड या भारतीय पासपोर्ट जैसे 12 अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

****

आज एक महत्वपूर्ण फैसले में उच्चतम न्यायालय ने गैर सरकारी संगठन की याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को राहत दी है। अपने फैसले में अदालत ने चुनाव आयोग को हर बूथ का डेटा जारी करने का आदेश देने से इनकार कर दिया है। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने याचिका दायर करने के समय पर भी सवाल खड़े किए हैं।

****

जमशेदपुर में चुनाव प्रचार समाप्त होने के साथ ही संसदीय क्षेत्र में विधि व्यवस्था के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। बाहरी मतदाताओं को जिला छोड़ने का आदेश जारी कर दिया गया है। बीती रात शहर के सभी होटल, लॉज एवं सामुदायिक स्थलों पर जिला प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया कि अब तक आचार संहिता उल्लंघन के तीन मामले दर्ज किए गए हैं।

****

गिरिडीह लोकसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह जिला प्रशासन ने चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था का दावा किया है। गिरिडीह के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने आम लोगों से भयमुक्त वातावरण में मतदान करने की अपील की है। अधिकारियों ने आज पत्रकारों को बताया कि जिले के सभी बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही दंडाधिकारियों के वाहनों में जीपीएस भी लगाए गए हैं।

****

गोड्डा के स्थानीय नगर भवन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक संजय मीणा की अध्यक्षता में माइक्रो आब्जर्वरों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें अपने कार्यों और दायित्वों के बारे में जानकारी दी गयी।

****

आईआईटी संयुक्त प्रवेश परीक्षा, जेईई एडवांस्ड 26 मई को निर्धारित है। आईआईटी मद्रास की ओर से परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। रांची में इस परीक्षा के लिए चार केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें लगभग दो हज़ार परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा दो पालियों में होगी।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश में लोकसभा चुनाव में बिना स्क्रूटनी सभी लाइसेंस धारी से हथियार जमा करने के चुनाव आयोग के आदेश को गलत बताया है। न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने कहा है कि इस तरह के आदेश को कानून की नजर में वैध नहीं ठहराया जा सकता। इसके साथ ही अदालत में बोकारो जिले की उपायुक्त के उस आदेश को भी रद्द कर दिया जिसमें उन्होंने सभी लाइसेंस धारी को हथियार जमा करने के निर्देश दिए थे।

****

भाजपा ने रांची के पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय और एक स्थानीय मुखिया पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा से मुलाक़ात कर इस सिलसिले में शिकायत की है।

****

मूरी होकर चलने वाली सांतरागाछी–अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन आज अपने निर्धारित प्रस्थान समय एक बजे के स्थान पर साढ़े चार बजे सांतरागाछी से रवाना होगी।

****

भारत की ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने कड़े सेमीफाइनल में मेजबान देश की हान सेउंगयोन और यांग जेवॉन की जोड़ी को हराया। इसके साथ ही भारत ने टूर्नामेंट में दूसरा पदक पक्का कर लिया। अब ज्योति और प्रियांश की जोड़ी का सामना कल अमरीका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान से होगा।

****